## Concern over problems faced by the Tamil Nadu fishermen

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): Sir, I would like to raise a very important issue of the safety and livelihood of fishermen from Tamil Nadu.

The Indian fishermen are being arrested from time to time by the Sri Lankan authorities while fishing in international waters. The incidents of attacks and arrest of fishermen are going on unabated. Their fishing nets, vessels and other implements are being destroyed. Such incidents are increasing at an alarming rate. In the incident happened on 14th January, 2024, the Sri Lankan Navy arrested 10 fishermen and seized their trawler. Just a day earlier, on 13th January, 2024, 12 fishermen were arrested by the Sri Lankan Navy.

Moreover, the Sri Lankan Navy has arrested 23 Indian fishermen and seized two trawlers for allegedly poaching in the island nation's waters. Just a few days ago, the Sri Lanka Navy conducted a special operation to chase away Indian poaching trawlers from Sri Lankan waters on the night of February 3, 2024. The operation resulted in the seizure of 2 Indian trawlers and the apprehension of 23 Indian nationals poaching in the northern waters of Sri Lanka.

The fishermen's activity should be treated with humanitarian and livelihood concerns. I request the Government that this issue may be taken up through diplomatic channels for their immediate release and the release of the vessels, boats, fishing nets, and other implements.

I urge the Government to find a permanent solution to this perennial problem.

---

## MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS – *Contd.*

MR. CHAIRMAN: Further discussion on the Motion of Thanks on President's Address. Now, Smt. Ramilaben Becharbhai Bara. Madam, be brief.

**श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा** (गुजरात): सर, मेरे पास कितना समय है?

MR. CHAIRMAN: How much time do you want? You are always very reasonable.

**श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा** : सर ,जब तक खत्म नहीं होता ,तब तक समय दे दीजिए।

MR. CHAIRMAN: All right. You take five minutes.

**श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा :** नहीं ,नहीं ,सर। सबको10 - 10मिनट दिए हैं।

माननीय सभापति जी, इस ऐतिहासिक सदन में हमारे समाज की आदर्श, नारी शक्ति का गौरव, देश की यशस्वी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर मैं आभारदर्शन करने के लिए मैं खड़ी हुई हूँ। माननीय सभापति जी, आजादी का अमृत काल चल रहा है और हमारा देश माननीय मोदी जी के नेतृत्व में विकास की ओर चल पड़ा है। माननीय सभापति जी, देश के लोकप्रिय प्रधान मंत्री जी ने 2014 से इस देश की धुरा संभाली है।

उनके नेतृत्व में, जो उनके विकास का मूल स्रोत है, इमारत है, स्तंभ है, वह है -किसान, गरीब, नारी शक्ति, युवा शक्ति। उनमें हमारा ट्राइबल समुदाय भी सम्मिलित है। माननीय सभापति जी, 2014 से लेकर आज तक हमारे मोदी जी ने हमारे ट्राइबल समुदाय के लिए, गुजरात से लेकर असम तक, कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक, जो हमारी 12 करोड़ आबादी है, उस आबादी के लिए बहुत काम किया है, जिसके लिए मैं आपके माध्यम से उन्हें धन्यवाद भी करती हूँ।माननीय सभापति जी, वे हमारे ट्राइबल्स के प्रति बहुत लगाव रखते हैं। 2014 से लेकर अब तक बजट लगातार बढ़ता रहा है। उन्होंने 2014 में 24,000 करोड़ और 2023 में 1,20,000 करोड़ ट्राइबल समुदाय के विकास के लिए दिया है। माननीय सभापति जी, 15 नवम्बर भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिन, माननीय मोदी जी ने इस दिन को जन समुदाय के लिए गौरव दिन घोषित करके हमारे सारे ट्राइबल समुदाय का सम्मान बढ़ा दिया, गौरव बढ़ा दिया।

माननीय सभापति जी, जलियांवाला बाग में हत्याएं हुईं, जलियांवाला कांड हुआ, उनका इतिहास बना, लेकिन हिंदुस्तान को आज़ाद करने के लिए हमारे आदिवासी समुदाय ने कई बलिदान दिए, लेकिन उनका इतिहास नहीं बना। इतिहास के पन्ने पर उनका नाम नहीं लिखा गया। यह अफसोस की बात है, लेकिन देश के नेतृत्व में मोदी जी की सरकार बनी और मोदी जी ने ऐसे आदिवासी, जिन्होंने अपनी जान की आहुति दी थी, लड़ाई में काम किया था, हिंदुस्तान की ऐसी सारी आत्माओं को चुन-चुन कर सारे हिंदुस्तान में 10 फ्रीडम फाइटर म्यूज़ियम्स ट्राइबल लोगों के लिए, आने वाली पीढ़ियों के लिए बना दिए हैं।

माननीय सभापति जी, आज मैं गौरव से इस सभा में कहना चाहती हूं कि आज तेलगांना में कानून संशोधन के लिए ट्राइबल सेंट्रल यूनिवर्सिटी बन रही है, Sammakka Sarakka Central Tribal University बन रही है। यह भी हमारे आदिवासी समाज के लिए एक गौरव की बात है। सीमा से सटे गांव को भारत का लास्ट गांव कहा जाता है, उसमें रहने वाले लोग अधिकतर हमारे अदिवासी समुदाय के होते हैं। वर्षों से उनका कोई विकास नहीं हुआ था, उनकी पीड़ा थी ...(**समय की घंटी**)... लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में vibrant village विकास के जरिए उसे आज देश का प्रथम विलेज बना दिया गया है। इतना ही नहीं, देश की बागडोर संभालते हुए मोदी जी ने समग्र हिंदुस्तान के ऐसे 110 जिले, जो बिलकुल undeveloped थे, विकास में पीछे छूट गए थे, ...(**समय की घंटी**)... मोदी जी कभी-कभी कहते हैं कि शरीर का एक पार्ट अगर कमजोर होता है, तो शरीर को सशक्त नहीं किया जा सकता। इसी तरह से अगर कोई भी एरिया undeveloped हो, तो वह देश विकसित नहीं हो पाता। इसलिए उन्होंने सारे हिंदुस्तान के ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Thank you.

**श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा** : सर, अभी तो मैंने स्पीच शुरू की है। मुझे नारियों के बारे में भी कहना है।

MR. CHAIRMAN: Madam, we have to be guided by time and your speech has been very forceful. Conclude in one minute. It has been very forceful. Conclude in one minute.

**श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा**: सर, मैं एक मिनट में कन्क्लूड कर दूंगी। सर, उन्होंने आकांक्षी जिला नाम देकर उसकी विशेष जिम्मेदारी कलेक्टर को देकर उनका विकास किया। माननीय सभापति जी, उनके इस काम के लिए इन्होंने प्रशंसा की है। ऐसे जननायक, लोकनायक हिंदुस्तान में हैं, वे इतना काम गरीबों के लिए कर रहे हैं, यह प्रशंसा की बात है।

MR. CHAIRMAN: Thank you.

**श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा**: माननीय सभापति जी, महिलाओं के लिए भी उन्होंने बहुत काम किया। हम देखते हैं कि आज उनकी कृपा से महिलाएं जल, थल, नभ और अंतरिक्ष में काम कर रही हैं। आप गुजरात जाइए, आज डेयरी के मूल में सुमुल है, साबर डेयरी है, उसमें भी...

MR. CHAIRMAN: Thank you.

**श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा**: सभापति जी, मैं अंत में इतना ही कहूंगी कि मोदी जी को नारी जगत आजीवन याद करेगा, उनका नाम सदा अमर रहेगा, क्योंकि उन्होंने गर्भ में पलने वाली बेटी को बचाने का काम किया, बेटियों के जन्म के बाद उनकी शिक्षा के लिए काम किया, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का आंदोलन छेड़ा, इसलिए आने वाली पीढ़ी के लिए मोदी जी का नाम सदा ही ...**(व्यवधान)**...

**श्री सभापति** : श्री रामदास अठावले।

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले)** : सभापति महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर यह चर्चा चल रही है। राष्ट्रपति जी का अभिभाषण था,

*"10 सालों में नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है वह काम,*
*उसके लिए हमें नहीं चाहिए खाली नाम,*
*हम तो करते हैं जनता के लिए काम।"*

महोदय, आदरणीय राष्ट्रपति जी का अभिभाषण बहुत ही अच्छा था। देश विकास की दिशा में आगे जा रहा है। अलग-अलग क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। दलित हो, आदिवासी हो,

किसान हो, युवा हो, गरीब हो, हमारी सरकार सभी जाति-धर्म के लोगों को न्याय देने के लिए काम कर रही है। सर, आप जानते हैं कि इस देश का राष्ट्रपति पद बहुत बड़ा होता है। पहला राष्ट्रपति पद आदरणीय रामनाथ कोविंद जी को मिला, वे दलित समाज से थे; दूसरा राष्ट्रपति पद आदरणीया द्रौपदी मुर्मू जी को मिला, वे आदिवासी समाज से हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री आदिवासी समाज के बने, मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री ओबीसी समाज के बने, मध्य प्रदेश में डिप्टी सीएम दलित समाज के बने और राजस्थान में ब्राह्मण समाज को भी मौका दिया गया। हमारी सरकार सभी जाति-वर्गों को न्याय देने का काम करती है। आरोप तो लगाए जाते हैं। कांग्रेस वाले तो आरोप लगाते रहते हैं, उनका आरोप लगाने का ही काम है, वे वह काम ही करते रहे हैं, लेकिन हम सत्ता में हैं, हम अपना काम करते रहेंगे। जितना आरोप लगाना है, उतना आरोप लगाइए, आरोप के लिए हम लड़ने वाले नहीं हैं। नरेन्द्र मोदी जी को जितनी गालियाँ देनी हैं, उतनी दे दीजिए, लेकिन नरेन्द्र मोदी जी इतने मजबूत आदमी हैं कि गालियाँ इधर से उधर निकल जाती हैं। मतलब यह कि गलत काम करना इनका काम है।

*"मोदी जी का नारा है - सबका विकास, सबका साथ,*
*फिर कैसे होगा मजबूत कांग्रेस का हाथ।*
*नरेन्द्र मोदी जी करते हैं 'मन की बात',*
*लेकिन कांग्रेस वाले करते हैं धन की बात।*
*मोदी जी ने मजबूत किया है संविधान,"*

-- यहाँ तो कोई नहीं दिख रहा है --

*"मोदी जी ने मजबूत किया है संविधान,*
*इसलिए देश की बढ़ रही है शान।*
*मोदी जी की तरफ है सारी दुनिया का ध्यान,*
*लेकिन 2024 के चुनाव में इंडिया अघाड़ी पर जनता लगाएगी बैन।"*

इसी तरह से हम सब लोग काम कर रहे हैं। ये लोग बोलते हैं कि हम संविधान बदलेंगे, तो सर, संविधान कैसे बदल सकता है? चेयरमैन सर, संविधान इतना मजबूत है, मोदी साहब और हम सब लोग बाबा साहेब अम्बेडकर जी के संविधान को मजबूत कर रहे हैं। जिस कांग्रेस पार्टी ने दो बार बाबा साहेब अम्बेडकर जी को हराया था, मुम्बई से और भंडारा से; जिस कांग्रेस पार्टी ने दलितों के संबंध में कभी अच्छा विचार नहीं किया था, इसके लिए दलितों ने उसे धक्का दिया। अभी हमारे नीतीश कुमार जी ने इंडिया अघाड़ी को धक्का दे दिया है।

*"नीतीश कुमार जी ने दे दिया है इंडिया अघाड़ी को धक्का,*
*और 2024 में 400 पार होने का मिशन हमारा हो गया है पक्का।"*

हमें 400 पार करने में कोई दिक्कत नहीं है। हमने जिस तरह से जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाई, अभी बीजेपी 370 सीटें जीतेगी। अगर मुझे मौका दें, तो मेरी पार्टी भी एक-दो सीटें जीतेगी। हम अच्छा काम कर रहे हैं। अगर हम अच्छा काम कर रहे हैं, तो भी वे हमारा विरोध करते हैं। मल्लिकार्जुन खरगे साहब हमारे अच्छे मित्र हैं, हमारे समाज से हैं, उनके लिए हमारा आदर है। उनको यहाँ ऑपोज़िशन का लीडर तो बनाया गया, अभी पार्टी का अध्यक्ष भी बनाया गया, यह अच्छी बात है, लेकिन जब कर्णाटक का मुख्य मंत्री बनाने का मौका आया था, तब उनको मुख्य मंत्री नहीं बनाया गया। लेकिन इसी तरह हमारे खरगे साहब बोलते हैं कि हम संविधान की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। ये भुजिया खाकर बैठे हैं और हमें बोलते हैं कि हम संविधान की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। संविधान की धज्जियाँ कैसे उड़ सकती हैं? नरेन्द्र मोदी जी ने नए संसद भवन को बनाया, इतना अच्छा संसद भवन बना है। लोक सभा और राज्य सभा इतनी बड़ी बन गई है। जब मैं राज्य सभा में आता हूँ, तो मुझे लगता है कि मैं लोक सभा में आया हूँ, इसका हॉल इतना बड़ा बन गया है। ...(**समय की घंटी**)... ये बोलते हैं कि हम संविधान बदलेंगे। माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने पुराने संसद भवन को 'संविधान सदन' नाम दे दिया है। 26 नवम्बर, 1949 को बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने संविधान का ड्राफ्ट डा. राजेन्द्र प्रसाद और पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को दिया था। हम जानते हैं कि इस संविधान बनाने में सबका योगदान है। लेकिन कांग्रेस के एक नेता हैं, कांग्रेस के एक इंटरनेशनल नेता हैं, उन्होंने एक ट्वीट किया है और उसमें यह बोला है कि संविधान बनाने में बाबा साहेब अम्बेडकर जी से ज्यादा योगदान पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का है। हम कहते हैं कि उसमें उनका भी योगदान है। उसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का भी योगदान है। लेकिन जब 26 नवम्बर, 1949 को बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने उनके सामने ड्राफ्ट दिया था, तब पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के मुँह से यह उद्‌गार निकले थे कि डा. अम्बेडकर, आप इस संविधान के आर्किटेक्ट हैं, आप ही सही शिल्पकार हैं।

जब संविधान का नाम आता है, तब बाबा साहेब का नाम आता है। यहाँ सुप्रीम कोर्ट में भी बाबा साहेब की प्रतिमा लगी है, इसीलिए हमें पंडित नेहरू जी के बारे में आदर है। वे देश के प्रधान मंत्री रहे हैं। ...(**समय की घंटी**)... उन्होंने कुछ नहीं किया, ऐसा नहीं है। उन्होंने भी थोड़ा-थोड़ा काम किया है।

MR. CHAIRMAN: Thank you.

**श्री रामदास अठावले** : कांग्रेस वालों ने भी काम किया है, लेकिन जितना करना चाहिए था, उतना नहीं किया। देश में भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम किया, गरीबों को ध्वस्त करने का काम किया, इसलिए नरेन्द्र मोदी जैसा एक बहुत स्ट्राँग आदमी उनके खिलाफ खड़ा हुआ और उन्होंने कांग्रेस के भ्रष्टाचार को चकनाचूर करने का काम किया। जनता ने उनको सत्ता पर बैठाया है। इसीलिए 2024 में 'अबकी बार मोदी सरकार', 'अबकी बार 400 पार' और कांग्रेस की होने वाली है हार। मतलब इसमें उनकी हार होने वाली है। इसलिए हम सब लोग मिल कर आगे बढ़ रहे हैं।

MR. CHAIRMAN: Thank you.

**श्री रामदास अठावले** : मेरी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया, जो कि बाबा साहेब अम्बेडकर जी की पार्टी है, यह पार्टी 3 अक्टूबर, 1957 को स्थापित हुई थी। मैं इस पार्टी का अध्यक्ष हूँ और मेरी पार्टी मोदी साहब के साथ हमेशा रहेगी। जब तक मोदी जी स्ट्राँग हैं, हम सब मिल कर आगे बढ़ रहे हैं..

MR. CHAIRMAN: Thank you.

**श्री रामदास अठावले**: इस समय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा चल रही है। ...(**व्यवधान**)... मैं उसका सपोर्ट करता हूँ।

---

## MESSAGES FROM LOK SABHA

### The Constitution (Jammu and Kashmir) Scheduled Castes Order (Amendment) Bill, 2024
### &
### The Constitution (Jammu and Kashmir) Scheduled Tribes Order (Amendment) Bill, 2024

MR. CHAIRMAN: Now, Message from Lok Sabha; Secretary-General.

SECRETARY-GENERAL: Sir, with your kind permission, I rise to report that the Lok Sabha, at its sitting held on 6th February, 2024, passed (i) The Constitution (Jammu & Kashmir) Scheduled Castes Order (Amendment) Bill, 2024 and (ii) The Constitution (Jammu & Kashmir) Scheduled Tribes Order (Amendment) Bill, 2024.

I lay a copy each of the said Bills on the Table.

---

## MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS - *Contd.*

MR. CHAIRMAN: Shri Mithlesh Kumar.

**श्री मिथलेश कुमार** (उत्तर प्रदेश): माननीय सभापति जी, आपने मुझे महामहिम महोदया के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का जो अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूँ। साथ ही, हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय मोदी जी, अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री जे.पी. नड्डा जी, आदरणीय गृह मंत्री जी, हमारे आदरणीय सदन के नेता तथा हमारी पार्टी ने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए भी मैं सबके प्रति बहुत आभार व्यक्त करता हूँ।